बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड) पटना–800001

<u>शुद्धि पत्र</u>

विज्ञापन संख्या–11/2004 के तहत बिहार पशुपालन सेवा वर्ग–2 (मूल स्तर) प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा दिनांक 13.10.2012 को आयोजित की जाने वाली स्क्रीनंग परीक्षा के उम्मीदवारों को प्रेषित प्रवेश पत्र के पीछे आवश्यक निर्देश के बिन्दु–5 में यह अंकित किया गया है कि परीक्षा हेतु अनिवार्य योग्यता (पशु चिकित्सा विज्ञान में स्नातक डिग्री एवं छः माह का इर्न्टनशीप प्रशिक्षण) आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 06.01.2005 तक प्राप्त करना होगा।

उक्त बिन्दु के संबंध में स्थिति निम्नवत् स्पष्ट की जाती हैः–

1. उपर्युक्त स्क्रीनिंग परीक्षा में वैसे उम्मीदवार भी शामिल हो सकते हैं जिन्होंने पशु चिकित्सा विज्ञान में स्नातक डिग्री एवं छः माह का इन्टर्नशीप प्रशिक्षण आयोग द्वारा वर्ष 2005 में आयोजित अपने–अपने साक्षात्कार की तिथि तक प्राप्त कर लिया हो। ऐसे सभी उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र निर्गत किया जा चुका है।
2. उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु पूर्व में विज्ञापित अन्य शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना